कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/सी–1/स्थानांतरण/संस्कृत/2019–20 दिनांक–29.09.2019 के तहत् कमला सैनी व्याख्याता, संस्कृत, राबाउमावि. अमरसर, जयपुर का स्थानांतरण राउमावि किशनगढ, जहाजपुर, भीलवाड़ा किया गया। कमला सैनी द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 2978/2019 कमला सैनी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 2978/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 31.10.2019 द्वारा याचिकार्थी कमला सैनी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक आख्यात्मक आदेश (SPEAKING ORDER) द्वारा निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय न्यायालय निर्णय के क्रम में याचिकार्थी कमला सैनी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के एकल महिला (अविवाहित) होने के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि जुगराजपुरा, श्रीमाधोपुर, सीकर/राउमावि अजीतगढ, श्रीमाधोपुर सीकर/राउमावि पीथलपुर, नीमकाथाना, सीकर किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी द्वारा की गई मांग इनका अभ्यावेदन/परिवेदना एतद् द्वारा स्वीकृत करते हुए इनका पदस्थापन राउमावि पीथलपुर, नीमकाथाना, सीकर में व्याख्याता संस्कृत के रिक्त पद पर पदस्थापित कर अभ्यावेदन निस्तारण किया जाता है। कमला सैनी को निर्देशित किया जाता है कि ये अपने समायोजित स्थान पर व्याख्याता संस्कृत के रिक्त पद पर दिनांक 30.11.19 तक आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करें।

सभी पक्षकार सूचित होवें।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–1/संस्कृत/अपील सं. 2978/कमला सैनी/2019/6 दिनांक:–26/11/2019

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा को मय आवश्यक संलग्नक आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. कमला सैनी, व्याख्याता, संस्कृत।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर